दिनांक-16.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 19 जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
- शहडोल में आज रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन, 2 हजार से अधिक उद्योगपति होंगे शामिल।
- प्रदेश में गेहूँ खरीदी के लिये किसानों का ऑनलाइन पंजीयन 20 जनवरी से होगा शुरू।
- खो खो विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने क्वार्टर फाईनल में किया प्रवेश।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 19 जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं- 1800-11-7800 पर भेजे जा सकते हैं1 श्रोता नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी आप अपने विचार भेज सकते हैं। इस कड़ी के लिए कल तक सुझाव स्वीकार किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट शौचालय निर्माण

सर्वोच्च न्यायालय ने आज देश भर के सभी न्यायालय परिसरों और न्यायाधिकरणों में पुरुषों, महिलाओं, दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुविधाओं के निर्माण और उपलब्धता का आदेश जारी किया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि शौचालय केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि एक बुनियादी आवश्यकता है जो मानवाधिकारों का एक पहलू है।

रीजनल कॉन्क्लेव- शहडोल

शहडोल में आज रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। इसके साथ ही 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन होगा। इन इकाइयों में 570 करोड़ रूपये का निवेश और 2 हजार 600 रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री  देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ 3 सेक्टोरल सत्र भी होंगे।

’गरीब कल्याण मिशन’

प्रदेश को अगले तीन सैलून में 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने के लिए राज्य मंत्रि-परिषद ने ’गरीब कल्याण मिशन’ के अमल को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुए उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है।

बाइट- कैलाश विजयवर्गीय

गरीब कल्याण मिशन मुख्यतः तीन घटकों बहुआयामी गरीबी इंडेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। गरीब कल्याण मिशन स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण के माध्यम से वर्तमान शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा।

प्रयागराज खाद्य सुरक्षा

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में सरकार ने साफ-सफाई और श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन पर विशेष बल दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित कर रहे हैं।

जोशी - गेहूँ खरीद

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आगामी रबी विपणन सत्र 2025-26 में गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा के लिए मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों के खाद्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की है। बैठक के दौरान श्री जोशी ने कहा कि इन राज्यों में गेहूं खरीद की अच्छी संभावनाएं हैं।

बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में गेहूं खरीदी के लिये किसानों का ऑनलाइन पंजीयन आगामी 20 जनवरी से शुरू होगा। गेहूँ खरीदी के लिए 4 हजार उपार्जन केन्द्र बनाये जायेंगे। श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की मैकेनाइज्ड क्लीनिंग के लिए मशीन लगाने का प्रस्ताव है। इससे खराब गेहूँ की खरीदी रुकेगी। उन्होंने समितियों को दिये जाने वाले कमीशन की राशि बढ़ाने की बात कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी ने 15 और जिलों के जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए हैं। इनमें नर्मदापुरम जिले में पहली बार किसी महिला को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा इससे पहले तीन दिन में 32 जिला अध्यक्षों के नाम घोषित कर चुकी है। इस तरह भाजपा प्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों में से अब तक 47 जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है।

स्वामित्व योजना-इंदौर

स्वामित्व योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को इंदौर में आयोजित किया जायेगा। इसमें जिले के 213 ग्रामों के 61 हजार 969 हितग्राहियो को अधिकार अभिलेख वितरित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को लता मंगेशकर सभागृह में आयोजित होगाद्य इस अवसर पर इंदौर जिले में भी ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में स्वामित्व योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जायेगा।

ऑनलाइन अवकाश आवेदन-राजगढ़

राजगढ़ में जिला ई.गवर्नेंस एवं एनआईसी द्वारा एक ऑनलाइन अवकाश आवेदन सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी इस सॉफ्टवेयर का उपयोग करेंगे। इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग सभी प्रकार की छुट्टी, सीएल, ईएल, मुख्यालय छुट्टी और मेडिकल छुट्टी के लिए किया जा सकता है। साथ ही जिला अधिकारी द्वारा जो आवेदन किए जाएंगे उनका कलेक्टर द्वारा अनुमोदन किया जाएगा।

खो-खो विश्वकप

खो खो विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने कल शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में भारतीय पुरुष टीम ने पेरू के खिलाफ 70-38 से बड़ी जीत हासिल की।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश में मौसम फिर बदला हुआ है। ग्वालियर-चंबल में कल बादल छाए रहे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। ऐसा ही मौसम आज सुबह से बना हुआ है। आज भी ग्वालियर-चंबल में बारिश होने के आसार हैं। आज सुबह निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहा। मौसम विभाग का कहना है कि असर दो दिन रहेगा। सिस्टम जैसे ही गुजरेगा, प्रदेश में ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा। इसके बाद बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ जाएगी और पूरा प्रदेश ठिठुर जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर संभाग की चार औद्योगिक इकाईयों का आज शहडोल से वर्चुअली लोकार्पण और भूमिपूजन होगा । इन चारों इकाईयों में लगभग 173 करोड़ रूपये का निवेश हो रहा है।
- इंदौर जिले के 42 सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित वातावरण के लिए 18 करोड से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।
- डिंडोरी जिले का विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार करने के लिए कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- खरगौन के महेश्वर में 24 जनवरी को केबिनेट की प्रस्तावित बैठक को लेकर  जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।
- मन्दसौर के पीजी कॉलेज में  विद्यार्थियों के लिए "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक निबंध प्रस्तुत किए।
- निवाड़ी में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के ग्राउंड में किया जाएगा।
- झाबुआ में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय विभाग ओर परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से दिव्यांगजन विशेष शिविर का आयोजन कर 15 दिव्यांगजनों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किये गए।
- पन्ना में यातायात नियमो का आम जनो तक प्रचार प्रसार करने के लिए यातायात रथ को पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- खंडवा नगर निगम में कल 'आनंद उत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस आयोजन में नगर निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लिया।
- ग्वालियर व्यापार मेले में 19 से 25 जनवरी तक कुश्ती का आयोजन किया जा रहा है। दंगल महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित होगा।

-------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) रीजनल कॉन्क्लेव- शहडोल

शहडोल में आज रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। इसके साथ ही 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन होगा। इन इकाइयों में 570 करोड़ रूपये का निवेश और 2 हजार 600 रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री  देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ 3 सेक्टोरल सत्र भी होंगे।

(2) 'गरीब कल्याण मिशन'

प्रदेश को अगले तीन सैलून में 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने के लिए राज्य मंत्रि-परिषद ने 'गरीब कल्याण मिशन' के अमल को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुए उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है।

बाइट- कैलाश विजयवर्गीय

गरीब कल्याण मिशन मुख्यतः तीन घटकों बहुआयामी गरीबी इंडेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। गरीब कल्याण मिशन स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण के माध्यम से वर्तमान शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा।

(3) भाजपा जिलाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी ने 15 और जिलों के जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए हैं। इनमें नर्मदापुरम जिले में पहली बार किसी महिला को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा इससे पहले तीन दिन में 32 जिला अध्यक्षों के नाम घोषित कर चुकी है। इस तरह भाजपा प्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों में से अब तक 47 जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है।

(4) स्वामित्व योजना-इंदौर

स्वामित्व योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को इंदौर में आयोजित किया जायेगा। इसमें जिले के 213 ग्रामों के 61 हजार 969 हितग्राहियो को अधिकार अभिलेख वितरित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी  को लता मंगेशकर सभागृह  में आयोजित

होगाद्य इस अवसर पर इंदौर जिले में भी ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में स्वामित्व योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जायेगा।

(5) ऑनलाइन अवकाश आवेदन-राजगढ़

राजगढ़ में जिला ई.गवर्नेंस एवं एनआईसी द्वारा एक ऑनलाइन अवकाश आवेदन सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी इस सॉफ्टवेयर का उपयोग करेंगे। इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग सभी प्रकार की छुट्टी, सीएल, ईएल, मुख्यालय छुट्टी और मेडिकल छुट्टी के लिए किया जा सकता है। साथ ही जिला अधिकारी द्वारा जो आवेदन किए जाएंगे उनका कलेक्टर द्वारा अनुमोदन किया जाएगा।

(6) मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश में मौसम फिर बदला हुआ है। ग्वालियर-चंबल में कल बादल छाए रहे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। ऐसा ही मौसम आज सुबह से बना हुआ है। आज भी ग्वालियर-चंबल में बारिश होने के आसार हैं। आज सुबह निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहा। मौसम विभाग का कहना है कि असर दो दिन रहेगा। सिस्टम जैसे ही गुजरेगा, प्रदेश में ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा। इसके बाद बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ जाएगी और पूरा प्रदेश ठिठुर जाएगा।

-------------------